रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 214] नई दिल्ली, बुधवार, अगस्त 8, 2001/श्रावण 17, 1923
No. 214] NEW DELHI, WEDNESDAY, AUGUST 8, 2001/SRAVANA 17, 1923

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

अधिसूचना

नई दिल्ली, 8 अगस्त, 2001

सं. जी-27038/1/98-टीएएमपी.—महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38वां अधिनियम) की धारा 47ज(2) के साथ पठित धारा 123क के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण केन्द्रीय सरकार की सहमति से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है :

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ**

(i) इन विनियमों का नाम महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण (भविष्य निधि) विनियम, 2001 होगा।

(ii) ये विनियम भारत के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से प्रभावी होंगे।

2. **लागू होना**

ये विनियम निम्नलिखित को छोड़कर प्राधिकरण की नियमित स्थापना के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों पर लागू होंगे :

(i) अध्यक्ष

(ii) सदस्य (अंशकालिक सदस्य सहित)

(iii) एक माह से कम के नोटिस पर सेवा से मुक्त होने वाला व्यक्ति।

(iv) संविदा आधार पर नियुक्त कर्मचारी।

(v) अधिवर्षिता के पश्चात नियोजित व्यक्ति।

3. **परिभाषाएँ**

(1) इन विनियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो निम्नलिखित परिभाषाएँ लागू होंगी :

(i) 'अधिनियम' का आशय महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) से है।

(ii) 'लेखा अधिकारी' का आशय उस अधिकारी से है, जिसे प्राधिकरण के प्रमुख द्वारा अभिदाता के भविष्य निधि लेखा का रखरखाव करने का दायित्व सौंपा गया है।

(iii) 'प्राधिकरण' का आशय अधिनियम की धारा 47क के अधीन गठित महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण से है।

(iv) 'अध्यक्ष' का आशय अधिनियम की धारा 47क के अधीन नियुक्त किए गए प्राधिकरण के अध्यक्ष से है।

(v) 'जमा' का आशय उस जमा राशि से है जो भविष्य निधि खाते से राशि निकाले जाने के पश्चात अदावाकृत राशि/भुगतान नहीं की गई राशि प्राधिकरण के खाते में जमा की जाती है।

(vi) 'परिलब्धियों' का आशय सरकार के मूल नियमों में यथा परिभाषित वेतन, छुट्टी वेतन अथवा निर्वाह अनुदान से है और इसमें वेतन, छुट्टी वेतन अथवा निर्वाह अनुदान के अनुसार महंगाई वेतन, यदि स्वीकार्य हो, और अन्यत्र सेवा के संबंध में प्राप्त वेतन के रूप में प्राप्त अन्य पारिश्रमिक भी शामिल हैं।

(vii) 'कर्मचारी' का आशय संबंधित सेवा विनियमों के अनुसार प्राधिकरण कार्यालय में किसी पद पर नियुक्त व्यक्ति से है।

(viii) 'परिवार' का अर्थ -

(क) पुरुष अभिदाता के मामले में, पत्नी अथवा पत्नियों, माता-पिता, बच्चों, अल्पवयस्क भाईयों, अविवाहित बहनों, मृत पुत्र की विधवा और बच्चों और जहाँ अभिदाता के माता-पिता जीवित न हों तो उसके दादा-दादी से है;

परंतु यदि अभिदाता यह सिद्ध करता है कि उसकी पत्नी उससे न्यायिक रूप से पृथक हो चुकी है अथवा जिस समुदाय से उसका संबंध है, उस समुदाय की परंपरागत विधि के अनुसार वह भरण-पोषण की हक़दार नहीं रह गई है तो उसे तब तक इन विनियमों से संबंधित मामलों की बाबत अभिदाता के परिवार का सदस्य नहीं समझा जाएगा, जब तक कि अभिदाता उसके बाद में लेखाधिकारी को लिखित में सूचित नहीं करता कि अब वह उसके परिवार की सदस्या है।

(ख) महिला अभिदाता के मामले में, पति के माता-पिता, बच्चों, अल्पवयस्क भाईयों, अविवाहित बहनों , मृत पुत्र की विधवा और उसके बच्चों तथा जहाँ अभिदाता के माता-पिता जीवित न हों तो उसके दादा-दादी से है;

परंतु यदि अभिदाता द्वारा लेखाधिकारी को लिखित में सूचना देकर अपने पति को अपने परिवार से अलग करने की इच्छा प्रकट की जाती है तो पति को तब तक इन विनियमों से संबंधित मामलों की बाबत परिवार का सदस्य नहीं समझा जाएगा जब तक कि अभिदाता उसके बाद में ऐसी सूचना को लिखित मे रद्द न कर दे।

टिप्पणी - 1 'संतान' का अर्थ विधिसम्मत संतान से है और इसमें उस स्थिति में दत्तक संतान भी शामिल है जब दत्तक-ग्रहण अभिदाता की शासी स्वीय विधि द्वारा मान्यता प्राप्त हो अथवा संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम, 1890 (1890 का 8वां अधिनियम) के अधीन प्रतिपाल्य हो, जो कर्मचारी के साथ रहता हो तथा उसे परिवार का सदस्य समझा जाता हो और कर्मचारी ने उसे विशेष वसीयत के माध्यम से वही हैसियत दी हो जो अपनी संतान की होती है।

टिप्पणी - 2 ऐसे मामले में जहाँ व्यक्ति ने अपनी संतान को दूसरे व्यक्ति को दत्तक दिया हो और यदि, दत्तकग्राही की स्वीय विधि के अधीन, दत्तक-ग्रहण अपनी संतान की हैसियत के समान विधिक रूप से मान्यता प्राप्त हो तो इन विनियमों के प्रयोजन से ऐसी संतान को नैसर्गिक पिता के परिवार से अलग समझा जाएगा।

(ix) 'निधि' का आशय महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण की भविष्य निधि से है।

(x) 'सरकार' का आशय केन्द्र सरकार से है।

(xi) 'प्राधिकरण का प्रमुख' का आशय अध्यक्ष से है।

(xii) 'कार्यालयाध्यक्ष' का आशय प्राधिकरण के अध्यक्ष द्वारा घोषित किसी अधिकारी से है।

(xiii) 'छुट्टी' का आशय सरकार के मूल नियमों अथवा सिविल सेवा विनियमों अथवा प्राधिकरण के छुट्टी विनियमों के अंतर्गत मान्य किसी प्रकार की छुट्टी से है।

(xiv) 'सदस्य' का आशय अधिनियम की धारा 47क के अधीन नियुक्त प्राधिकरण के सदस्य (अंशकालिक सदस्य सहित) से है।

(xv) 'स्थायी कर्मचारी' का आशय ऐसे कर्मचारी से है जो मूल पद अथवा अस्थायी मूल पद पर कार्यरत हो अथवा जिसका स्थायी पद पर पुनर्ग्रहणाधिकार हो अथवा जिसका उस स्थायी पद पर पुनर्ग्रहणाधिकार बना रहता यदि पुनर्ग्रहणाधिकार निलंबित नहीं किया जाता।

(xvi) 'व्यक्ति' अथवा 'व्यक्तियों' में कम्पनी अथवा व्यक्तियों की संस्था शामिल होगी, भले ही समाविष्ट हो अथवा नही। इसमें प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष अथवा किसी अन्य न्यास अथवा निधि भी शामिल होगी; जिसके लिए भुगतान प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत उक्त निधियों अथवा न्यास के सचिव अथवा अन्य अधिकारी के माध्यम से नामांकन किया गया हो।

(xvii) 'लोक सेवक' का आशय अधिनियम की धारा 112 के अधीन यथा परिभाषित व्यक्ति से है।

(xviii) निधि से अग्रिम आहरण की स्वीकृति के लिए 'मंजूरीदाता प्राधिकारी' अध्यक्ष अथवा इस संबंध में अध्यक्ष द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी होगा।

(xix) 'अनुसूची' का आशय इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची से है।

(xx) 'अभिदाता' का आशय इस निधि में अंशदान करने वाले किसी कर्मचारी/अधिकारी से है।

(xxi) 'वर्ष' का आशय वित्तीय वर्ष से है।

(2). इन विनियमों में प्रयुक्त उन शब्दों और अभिव्यक्तियो का अर्थ, जिन्हें इन विनियमों मे परिभाषित नहीं किया गया है, भविष्य निधि अधिनियम, 1925 (1925 का 19) अथवा सरकार के मूल नियमों में परिभाषित अर्थ के समान होगा।

(3). इनमें से कोई भी विनियम मौजूदा किसी भी भविष्य निधि पर तब तक लागू नहीं होगा, जब तक कि न्यासियों रूप से ऐसा निर्धारित न किया गया हो।

4. **निधि का गठन**

(i) एक निधि की स्थापना की जाएगी, जिसका नाम महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण कर्मचारी भविष्य निधि होगा। वह न्यासी बोर्ड में निहित होगी और उसके द्वारा इसके लिए बनाए गए विनियमों के अनुसार शासित होगी।

(ii) निधि का रखरखाव रुपयों में किया जाएगा।

(iii) इन विनियमों के अधीन निधि में भुगतान की गई समस्त राशियाँ महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण कर्मचारी भविष्य निधि के बही खातों में जमा की जाएगी।

5. **पात्रता की शर्तें**

सभी अस्थायी कर्मचारी एक वर्ष की सतत् सेवा के पश्चात, सभी पुनर्नियोजित पेंशनभोगी (अंशदायी भविष्य निधि योजना में शामिल कर्मचारियों से भिन्न) और सभी स्थायी कर्मचारी इस निधि में अभिदान करेंगे;

परंतु, अंशदायी भविष्य निधि में अभिदान करने के लिए यथा अपेक्षित अथवा अनुमत्त कर्मचारी इस निधि में शामिल होने अथवा अभिदाता के रूप में बने रहने का पात्र नहीं होगा।

टिप्पणी - 1 इन विनियमों के प्रयोजन से परिवीक्षार्थियों को अस्थायी कर्मचारी माना जाएगा।

टिप्पणी - 2 किसी माह के मध्य में एक वर्ष की सतत सेवा पूरी करने वाला अस्थायी कर्मचारी उसके अगले माह से निधि में अभिदान करेगा।

टिप्पणी - 3 अस्थायी कर्मचारी (परिवीक्षाधीन कर्मचारियों सहित) जिन्हें नियमित पदों (रिक्तियों) पर नियुक्त किया गया हो और जिनके एक वर्ष से अधिक अवधि तक बने रहने की संभावना है, एक वर्ष की सेवा पूरी करने से पूर्व किसी भी समय निधि में अभिदान कर सकते हैं।

6. **नामांकन**

(i) निधि में शामिल होने के समय अभिदाता कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से लेखा अधिकारी को एक नामांकन भेजेगा/भेजेगी जिसमें राशि के देय होने से अथवा राशि के देय होने पर भुगतान किए जाने से पूर्व उसकी मृत्यु हो जाने की स्थिति में निधि में जमा उसकी जमा राशि को प्राप्त करने के लिए एक अथवा एक से अधिक व्यक्तियों को नामांकित किया जाएगा;

परंतु, जहॉ अभिदाता अवयस्क है तो वह अपने वयस्क होने पर ही नामांकन करेगा/करेगी;

परंतु यह भी कि जिस अभिदाता का नामांकन करने के समय परिवार हो, वह ऐसा नामांकन केवल अपने परिवार के किसी सदस्य अथवा सदस्यों के पक्ष में ही करेगा/करेगी;

परंतु यह भी कि किसी अन्य भविष्य निधि के मामले में, जिसमें वह इस निधि में शामिल होने से पूर्व अभिदान कर रहा था/रही थी, किया गया नामांकन, यदि ऐसी अन्य किसी निधि में उसकी जमा राशि को इस निधि में स्थानांतरित कर जमा किया गया है तो वह नामांकन तब तक इन विनियमों के अधीन किया गया नामांकन माना जाएगा जब तक वह इन विनियमों के अनुसार नामांकन नहीं करता/करती।

(ii) यदि अभिदाता विनियम 6(i) के अंतर्गत एक से अधिक व्यक्तियों को नामांकित करता/करती है तो वह प्रत्येक नामांकित व्यक्ति को देय राशि या अंश को इस प्रकार विनिर्दिष्ट करेगा/करेगी कि नामांकन में किसी भी समय निधि में जमा पूरी राशि उसके अंतर्गत आ जाए।

(iii) प्रत्येक नामांकन इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची-I में दिए गए प्रपत्र में भरा जाएगा।

(iv) अभिदाता किसी भी समय कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से लेखाधिकारी को लिखित में सूचना भेजकर नामांकन रद्द कर सकता/सकती है। अभिदाता इन विनियमों के उपबंधों के अनुसार सूचना के साथ या अलग से नया नामांकन भेजेगा/भेजेगी।

(v) अभिदाता नामांकन में -

(क) किसी विनिर्दिष्ट नामांकित व्यक्ति के संबंध में यह प्रावधान कर सकता/सकती है कि यदि उसकी मृत्यु अभिदाता से पूर्व हो जाती है तो ऐसी नामिती को प्रदत्त अधिकार ऐसे अन्य व्यक्ति को अंतरित हो जाएगा, जिसे नामांकन में विनिर्दिष्ट किया गया है। जब अभिदाता ऐसा अधिकार एक से अधिक व्यक्तियों को देता/देती है तो वह ऐसे व्यक्तियों में से प्रत्येक को देय राशि या अंश को इस प्रकार विनिर्दिष्ट करेगा/करेगी कि उसके अंतर्गत नामित व्यक्ति को देय पूरी राशि आ जाए।

(ख) नामांकन उसमें विनिर्दिष्ट किसी आकस्मिकता के होने की स्थिति में अमान्य हो जाएगा;

परंतु, यदि नामांकन करते समय अभिदाता के परिवार में केवल एक सदस्य है तो वह नामांकन में यह प्रावधान करेगा/करेगी कि विनियम 6 (v) (क) के अंतर्गत वैकल्पिक नामिती को प्रदत्त अधिकार, उसके परिवार में बाद में अन्य सदस्य अथवा सदस्यों के शामिल होने की स्थिति में अमान्य हो जाएगा।

(vi) ऐसे नामिती की मृत्यु के तुरंत बाद, जिसके संबंध में खंड 6 (v) (क) के अधीन कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है अथवा ऐसी किसी स्थिति के उत्पन्न होने पर, जिसके कारण खंड 6 (v) (ख) के अनुसार नामांकन अमान्य हो जाता है तो अभिदाता नामांकन रद्द करने की लिखित सूचना, इन विनियमों के उपबंधों के अनुसार किए गए नए नामांकन के साथ, कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से लेखाधिकारी को भेजेगा/भेजेगी।

(vii) अभिदाता द्वारा किया गया प्रत्येक नामांकन तथा रद्द किए जाने की प्रत्येक सूचना, जहां तक वह मान्य है, कार्यालयाध्यक्ष को प्राप्त होने की तारीख से प्रभावी होगी।

टिप्पणी-1 : इन विनियमों के अंतर्गत किया गया नामांकन दूसरे विनियमों के अधीन अमान्य हो जाएगा, बशर्ते बाद वाले विनियमों में यथा अपेक्षित संशोधन किया जाए।

टिप्पणी-2 : अभिदाता द्वारा इस संबंध में सेवानिवृत्ति/सेवा-मुक्ति आदि के पश्चात भी नामांकन में परिवर्तन किए जाने पर कोई आपत्ति नहीं होगी बशर्ते परिवर्तन अथवा संशोधित नामांकन इन विनियमों के उपबंधों के अनुसार बनाए और अधिसूचित किए जाएं।

टिप्पणी-3 : यदि नामांकन के लेखाधिकारी के पास पहुंचने से पूर्व ही अभिदाता की मृत्यु हो जाती है तो तब भी अभिदाता का नामांकन मान्य समझा जाएगा।

अभिदाता का खाता

प्रत्येक अभिदाता के नाम से एक खाता खोला जाएगा, जिसमें निम्नलिखित ब्यौरे दिए जाएंगे : -

(i) अभिदाता का अभिदान

(ii) अभिदान पर विनियम 12 द्वारा उपबंधित ब्याज; और,

(iii) निधि से अग्रिम और आहरण।

टिप्पणी : किसी कर्मचारी के निधि में शामिल होने के पश्चात यथाशीघ्र उसे आबंटित निधि खाता संख्या रबड़ की स्टाम्प लगाकर उसकी सेवा-पुस्तिका के पृष्ठ के दाएं ओर शीर्ष पर दर्ज किया जाएगा।

अभिदान संबंधी शर्तें

(i) अभिदाता निधि में प्रतिमाह, उस अवधि को छोड़कर जब वह निलंबनाधीन हो, अभिदान करेगा/करेगी;

परंतु, अभिदाता को अपनी इच्छानुसार ऐसी छुट्टी के दौरान अभिदान न करने की छूट होगी, जिसके लिए कोई छुट्टी वेतन न हो अथवा जिसका छुट्टी वेतन आधे वेतन अथवा औसत आधे वेतन के बराबर हो अथवा कम हो;

परंतु यह भी कि अभिदाता के निलंबनाधीन अवधि बीत जाने के पश्चात सेवानिवृत होने पर उस अवधि के लिए देय अभिदान बकाया की अधिकतम राशि तक की राशि का भुगतान एकमुश्त अथवा किस्तों में करने का विकल्प होगा।

टिप्पणी : अभिदाता को अकार्य दिवस मानी गई अवधि के दौरान अभिदान करने की आवश्यकता नहीं है।

(ii) अभिदाता खंड (i) के परंतुक में निर्दिष्ट छुट्टी के दौरान अभिदान न करने के अपने विकल्प की सूचना देगा/देगी।

(iii) समय से पूर्व एवं समय पर सूचना न देने पर, अभिदान करने का विकल्प माना जाएगा।

(iv) अभिदाता द्वारा सूचित किया गया विकल्प अंतिम होगा।

(v) यदि अभिदाता ने इन विनियमों के विनियम 21 के अधीन निधि में जमा अपनी राशि निकाली है तो वह ऐसी राशि निकालने के बाद तब तक निधि में अभिदान नहीं करेगा/करेगी जब तक कि वह डयूटी पर वापस नहीं आ जाता/जाती।

अभिदान की दर

(क) निम्नलिखित शर्तों के अधीन अभिदान की राशि का निर्धारण स्वयं अभिदाता द्वारा किया जाएगा :

(i) दर पूरे रुपए में दर्शाई जाएगी।

(ii) दर्शाई गई कोई भी राशि उसकी परिलब्धियों के 6% से कम और उसकी कुल परिलब्धियों से अधिक नहीं होगी।

(iii) जब कोई कर्मचारी 6% की न्यूनतम दर से अभिदान करने का विकल्प लेता/लेती है तो रुपए के भाग को निकटतम पूर्णांक में दर्शाया जाएगा और 50 पैसे की गणना अगले उच्चतर रुपए के रूप में की जाएगी।

(ख) खंड (क) (i) के प्रयोजन से अभिदाता की परिलब्धियाँ निम्नलिखित होंगी : -

(i) अभिदाता पिछले वर्ष 31 मार्च को जिन परिलब्धियों का हक़दार था/थी,

परंतु -

(क) यदि अभिदाता उक्त तारीख को छुट्टी पर था/थी और उसने ऐसी छुट्टी के दौरान अभिदान न करने का विकल्प दिया था अथवा उक्त तारीख को निलंबनाधीन था/थी तो उसकी परिलब्धियाँ वे परिलब्धियाँ होंगी जिनका/जिनकी वह डयूटी पर वापस आने के पश्चात प्रथम दिन हक़दार था/थी; और,

(ख) यदि अभिदाता उक्त तारीख को भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति पर था/थी अथवा उक्त तारीख को छुट्टी पर था/थी और छुट्टी पर ही बना रहता/रहती है तथा ऐसी छुट्टी के दौरान अभिदान न करने का विकल्प देता/देती है तो उसकी परिलब्धियाँ वे परिलब्धियाँ होंगी, जिनका/जिनकी वह भारत में डयूटी पर होने की स्थिति में हक़दार होता/होती।

(ii) ऐसे अभिदाता के मामले में, जो पिछले वर्ष की 31 मार्च को सेवा में नहीं था/थी, वे परिलब्धियाँ होंगी जिनके लिए वह सेवा में शामिल होने की तारीख को हक़दार था/थी।

(ग) अभिदाता प्रत्येक वर्ष अपने मासिक अभिदान की राशि के निर्धारण की सूचना निम्नलिखित रूप में देगा/देगी :

(i) यदि वह पिछले वर्ष की 31 मार्च को डयूटी पर था/थी तो उस माह के लिए अपने वेतन बिल से इसके लिए की गई कटौती द्वारा;

(ii) यदि वह पिछले वर्ष की 31 मार्च को छुट्टी पर था/थी और ऐसी छुट्टी के दौरान अभिदान न करने का विकल्प नहीं दिया था अथवा उस तारीख को निलंबनाधीन था/थी तो ऐसी कटौती द्वारा, जो वह डयूटी पर वापस आने के पश्चात अपने प्रथम वेतन बिल से इसके लिए करता/करती है;

(iii) यदि वह वर्ष के दौरान सेवा में पहली बार प्रविष्ट हुआ/हुई है तो जिस माह से वह निधि में शामिल हुआ/हुई है, उस माह के वेतन बिल से इस प्रयोजन के लिए की गई कटौती द्वारा;

(iv) यदि वह पिछले वर्ष की 31 मार्च को छुट्टी पर था/थी और छुट्टी पर बना रहता है/बनी रहती है तथा ऐसी छुट्टी के दौरान अभिदान के लिए विकल्प दिया है तो उस माह के लिए अपने वेतन बिल से इसके लिए की गई कटौती द्वारा; और,

(v) यदि वह पिछले वर्ष की 31 मार्च को अन्यत्र सेवा में था/थी तो चालू वित्तीय वर्ष में अप्रैल माह के लिए अभिदान के बैंक खाते में उसके द्वारा जमा कराई गई राशि द्वारा।

(घ) इस प्रकार निर्धारित की गई अभिदान की राशि -

(i) वर्ष के दौरान किसी भी समय एक बार कम की जा सकती है; अथवा,

(ii) वर्ष के दौरान दो बार बढ़ाई जा सकती है; अथवा,

(iii) उपर्युक्त के अनुसार कम की जा सकती है और बढ़ाई जा सकती है;

परंतु, जब अभिदान की राशि इस प्रकार कम की जाती है तो यह खंड (क) में निर्धारित न्यूनतम राशि से कम नहीं होगी;

इसके अलावा यदि अभिदाता केलेंडर माह के किसी हिस्से के लिए बिना वेतन अथवा आधे वेतन अथवा औसत अर्ध-वेतन पर छुट्टी पर है और ऐसी छुट्टी के दौरान उसने अभिदान नहीं करने का विकल्प दिया है तो अभिदान की देय राशि उपर्युक्त छुट्टी से इतर छुट्टी सहित, यदि कोई हो, ड्यूटी पर व्यतीत किए गए दिनों की संख्या की समानुपातिक होगी।

10. अन्यत्र सेवा में स्थानांतरण अथवा भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति

जब किसी अभिदाता को अन्यत्र सेवा में स्थानांतरित कर दिया जाता है अथवा उसे भारत से बाहर प्रतिनियुक्ति पर भेज दिया जाता है तो यह उसी प्रकार निधि के विनियमों के अधीन बना रहेगा/रहेगी, मानों कि उसका ऐसा स्थानांतरण नहीं किया गया हो अथवा प्रतिनियुक्ति पर नहीं भेजा गया हो।

11. अभिदान की वसूली

(i) यदि परिलब्धियाँ भारत में किसी बैंक अथवा भारत से बाहर किसी प्राधिकृत संवितरण कार्यालय से आहरित की जाती हैं तो परिलब्धियों के लिए अभिदान की वसूली और अग्रिमों के मूल और ब्याज की वसूली परिलब्धियों से ही की जाएगी।

(ii) यदि परिलब्धियाँ किसी अन्य स्रोत से आहरित की जाती हैं तो अभिदाता अपनी देय राशि प्रतिमाह लेखाधिकारी को भेजेगा/भेजेगी;

परंतु, सरकारी विभाग, सरकार के स्वामित्व अथवा नियंत्रण वाले निगमित निकाय में प्रतिनियुक्त अभिदाता के मामले में, अभिदानों की वसूली उसी विभाग अथवा निकाय द्वारा की जाएगी और लेखाधिकारी को भेजी जाएगी।

(iii) यदि कोई अभिदाता उस तारीख से अभिदान नहीं कर पाता/पाती, जिस तारीख से उसे निधि में शामिल होना था अथवा विनियम 8 में यथा उपबंधित से अन्यथा वर्ष के दौरान किसी माह अथवा माहों में अभिदान नहीं करता/करती है तो अभिदान की बकाया राशि के लिए निधि में देय कुल राशि का विनियम 12 में उपबंधित दर पर ब्याज सहित अभिदाता द्वारा निधि में तत्काल भुगतान किया जाएगा अथवा चूक की स्थिति में लेखाधिकारी द्वारा उस राशि को अभिदाता की परिलब्धियों में से किस्तों में अथवा किसी अन्य प्रकार से कटौती करके वसूली करने का आदेश दिया जाएगा, या अन्यथा जैसा कि अग्रिम की मंजूरी के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा निदेश दिया जाए, जिसकी मंजूरी के लिए विनियम 13 (ग) के अधीन विशेष कारण अपेक्षित हैं।

परंतु उन अभिदाताओं से कोई ब्याज नही लिया जाएगा, जिनकी निधि में जमा राशि पर कोई ब्याज नहीं होता।

12. ब्याज

(i) खंड (v) के उपबंधों के अधीन, यह प्राधिकरण सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित संगणना की पद्धति के अनुसार प्रत्येक वर्ष के लिए यथा निर्धारित दर से अभिदाता की जमा राशि पर ब्याज का भुगतान करेगा;

परंतु, यदि किसी वर्ष के लिए निर्धारित ब्याज दर 4% से कम है तो जिस वर्ष के लिए ब्याज की दर प्रथम बार 4% से कम निर्धारित की गई है, उस वर्ष से पिछले वर्ष में निधि के सभी अभिदाताओं को 4% की दर से ब्याज दिया जाएगा;

परंतु यह भी कि जो अभिदाता पहले किसी अन्य भविष्य निधि में अभिदान कर रहा था/रही थी और जिसकी अभिदान राशि को उस पर ब्याज सहित विनियम 24 के अधीन उसकी निधि में अंतरित कर दिया गया हो और यदि वह उपर्युक्त उपबंध के समान किसी उपबंध के अंतर्गत ऐसी अन्य निधियों के विनियमों और नियमों के अंतर्गत उस दर पर ब्याज प्राप्त कर रहा था/रही थी तो उसे 4% की दर से ब्याज दिया जाएगा।

(ii) ब्याज प्रत्येक वर्ष के अंतिम दिन से निम्नलिखित ढंग से जमा किया जाएगा :

(क) पिछले वर्ष के अंतिम दिन अभिदाता की जमा राशि पर चालू वर्ष के दौरान आहरित राशि को घटाने

(ख) चालू वर्ष के दौरान आहरित राशि पर - चालू वर्ष के प्रारंभ से आहरण माह से पिछले माह के अंतिम दिन तक ब्याज;

(ग) पिछले वर्ष के अंतिम दिन के पश्चात अभिदाता के खाते मे जमा पूरी राशि पर - जमा कराने की तारीख से चालू वर्ष के अंत तक ब्याज;

(घ) ब्याज की कुल राशि निकटतम पूर्ण रुपयों मे पूर्णांकित की जाएगी, पचास पैसे को एक रुपया माना जाएगा;

परंतु, यदि किसी अभिदाता के खाते में जमा राशि देय हो जाती है तो उस पर ब्याज केवल चालू वर्ष के प्रारंभ से अथवा जमा करने की तारीख से, जैसी भी स्थिति हो, उस तारीख तक जमा किया जाएगा जब अभिदाता के खाते में जमा राशि देय हो जाए।

(iii) परिलब्धियों से वसूली के मामले में जमा करने की तारीख उस माह के प्रथम दिन से समझी जाएगी, जिस माह में वसूली की गई है और अभिदाता द्वारा भेजी जाने वाली राशि के मामले मे अभिदान प्राप्ति के माह का प्रथम दिन समझा जाएगा, बशर्ते वह उस माह के पांचवें दिन से पूर्व लेखाधिकारी को प्राप्त हो जाए, परतु यदि अभिदान की राशि उस माह के पाचवें दिन अथवा उसके पश्चात प्राप्त होती है तो आगामी माह का प्रथम दिन समझा जाएगा;

परंतु, यदि किसी अभिदाता के वेतन अथवा छुट्टी वेतन और भत्तों के आहरण में विलब हुआ है और इसके फलस्वरूप निधि में उसके अभिदान की वसूली में विलंब हुआ है तो ऐसे अभिदानो पर ब्याज उस माह से देय होगा, जिसमें विनियमों के अधीन अभिदाता का वेतन अथवा छुट्टी वेतन देय था, चाहे वह वास्तव में किसी भी माह मे आहरित किया गया हो;

परंतु यह भी कि विनियम 11 (ii) के उपबंधो के अनुसार भेजी गई राशि के मामले में यदि यह उस माह के 15वें दिन से पूर्व लेखाधिकारी को प्राप्त हो जाती है तो जमा कराने की तारीख को उस माह का प्रथम दिन समझा जाएगा;

परंतु यह भी कि अभिदाता के अभिदान की वसूली के मामले में, जहाँ किसी माह के लिए परिलब्धियाँ उसी माह के अंतिम कार्यदिवस को आहरित और संवितरित की जाती हैं तो जमा कराने की तारीख को आगामी माह का प्रथम दिन समझा जाएगा।

(iv) विनियम 20, 21 अथवा 22 के अंतर्गत दी जाने वाली किसी राशि के अलावा उस पूर्ववर्ती माह के अंत में, जब भुगतान किया गया था, अथवा छह माह के अंत तक, जब यह राशि देय हुई हो, इन अवधियों में से जो कम हो, पर ब्याज उस व्यक्ति को देय होगा, जिसे ऐसा भुगतान किया जाना है;

परंतु यदि लेखाधिकारी ने उस व्यक्ति (अथवा उसके अभिकर्ता) को ऐसी तारीख की सूचना दे दी है, जिस तारीख को वह नकद भुगतान करने के लिए तैयार है अथवा उस व्यक्ति को भुगतान के लिए डाक से चेक भेज दिया है तो ब्याज केवल उस पूर्ववर्ती माह के अंत तक, जिसकी तारीख सूचित की गई है अथवा डाक से चेक भेजने की तारीख तक, जैसी भी स्थिति हो, देय होगा;

परंतु यह भी कि यदि प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कोई अभिदाता पूर्वव्यापी तारीख से प्राधिकरण में आमेलित हो जाता है तो अभिदाता के निधि संचय पर देय ब्याज के परिकलन के लिए आमेलन संबंधी आदेशों को जारी करने की तारीख को वह तारीख समझा जाएगा जब राशि इन शर्तों के अधीन अभिदाता को देय हुई हो कि आमेलन की तारीख से शुरू अवधि के दौरान और आमेलन के आदेशों को जारी करने की तारीख तक अभिदान के रूप में वसूल की गई राशि को इन विनियमों के लिए अभिदान समझा जाएगा।

(v) यदि अभिदाता लेखाधिकारी को यह सूचित करता/करती है कि वह ब्याज नहीं लेना चाहता/चाहती, तो उसके खाते में ब्याज जमा नहीं किया जाएगा, परंतु यदि वह उसके पश्चात ब्याज के लिए कहता/कहती है तो उस वर्ष के प्रथम दिन से ब्याज उसके खाते में जमा किया जाएगा, जिस वर्ष में इसके लिए कहा गया था।

(vi) विनियम 11 (iii), 20 अथवा 21 के अंतर्गत निधि में अभिदाता के खाते में रखी जाने वाली राशि पर ब्याज का परिकलन ऐसी दर पर, जिसका खंड (i) के अंतर्गत उत्तरोत्तर निर्धारण किया जाए और यथासंभव इस विनियम में वर्णित रीति से किया जाएगा।

(vii) यदि कोई अभिदाता आहरण की तारीख को अपने खाते में जमा राशि से अधिक राशि निधि से आहरित कर लेता/लेती है तो इस बात की ओर ध्यान दिए बिना कि आहरित की गई अधिक राशि निधि के अग्रिम रूप में ली गई है अथवा आहरित की गई है अथवा अंतिम आहरण किया गया है, आहरित की गई अधिक राशि को ब्याज सहित अभिदाता द्वारा अपनी परिलब्धियों से एकमुश्त चुकाया जाएगा। यदि वसूल की जाने वाली राशि अभिदाता की परिलब्धियों की आधी

राशि से अधिक है तो वसूली उसकी परिलब्धियों में से मासिक किस्तों में तब तक की जाएगी जब तक कि ब्याज सहित पूरी राशि वसूल नहीं हो जाती। निकाली गई अधिक राशि पर वसूल की जाने वाली ब्याज दर खंड (i) के अंतर्गत निधि शेष पर सामान्य दर से 2 1/2 प्रतिशत अधिक होगी। निकाली गई अधिक राशि पर वसूल किया गया ब्याज "निधि से आहरित अधिक राशि पर ब्याज" उप-शीर्ष के अंतर्गत निधि में जमा किया जाएगा।

13. निधि से अग्रिम

(क) मंजूरी प्राधिकारी किसी अभिदाता को निम्नलिखित प्रयोजनों में से किसी एक अथवा एक से अधिक के लिए ऐसी राशि के अग्रिम रूप में भुगतान करने की मंजूरी दे सकता है जो पूर्ण रुपए में हो और अभिदाता के तीन माह की वेतन राशि अथवा निधि में उसकी जमा राशि के आधे से, जो भी कम हो, अधिक नहीं होगी :

(i) अभिदाता और उसके परिवार के सदस्यों अथवा उस पर वस्तुतः आश्रित किसी व्यक्ति की बीमारी, प्रसवावस्था अथवा अशक्तता संबंधित व्यय का भुगतान करने के लिए, इसमें आवश्यक होने पर यात्रा व्यय भी शामिल है।

(ii) निम्नलिखित मामलों में अभिदाता और उसके परिवार के सदस्यों अथवा उस पर वस्तुतः आश्रित किसी व्यक्ति को उच्चतर शिक्षा के खर्च के लिए, इसमें आवश्यक होने पर यात्रा व्यय भी शामिल है : -

(क) भारत से बाहर उच्च विद्यालय स्तर से ऊपर शैक्षिक, तकनीकी, व्यावसायिक अथवा वृत्तिक पाठ्यक्रम की शिक्षा के लिए; और,

(ख) भारत में उच्च विद्यालय स्तर से ऊपर किसी चिकित्सा, इंजीनियरी अथवा अन्य तकनीकी विशेषज्ञता पाठ्यक्रम (इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची-II में उल्लिखित) के लिए परंतु पाठ्यक्रम की अवधि 3 वर्ष से कम न हो।

(iii) अभिदाता की हैसियत के अनुसार समुचित स्तर के किसी बाध्यकर व्यय के भुगतान के लिए, जो व्यय अभिदाता के रीति-रिवाज़ों के अनुसार उसे सगाई अथवा विवाह, अंत्येष्टि अथवा किन्हीं अन्य संस्कारों के संबंध में खर्च करना पड़े।

(iv) अभिदाता, उसके परिवार के किसी सदस्य अथवा उस पर वास्तव में आश्रित किसी व्यक्ति द्वारा अथवा उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही का खर्च वहन करने के लिए, इस मामले में अग्रिम किसी अन्य स्रोत से इसी प्रयोजन के लिए स्वीकार्य किसी अन्य अग्रिम के अतिरिक्त उपलब्ध होगा।

(v) यदि अभिदाता अपने विरुद्ध अभिकथित शासकीय कदाचार के संबंध में किसी जॉच में अपनी प्रतिरक्षा के लिए किसी विधि व्यवसायी को नियुक्त करता/करती है तो उसकी प्रतिरक्षा का खर्च वहन करने के लिए।

(vi) टीवी, वीसीआर/वीसीपी, वाशिंग मशीन, खाने पकाने का सामान, गीज़र, कम्प्यूटर जैसी उपभोक्ता वस्तुएँ खरीदने के लिए।

(ख) विशेष परिस्थितियों में, अध्यक्ष किसी अभिदाता को किसी अग्रिम के भुगतान की मंजूरी दे सकता है, यदि वह संतुष्ट हो कि संबंधित अभिदाता के लिए खंड (क) में उल्लिखित कारणों से भिन्न कारणों से यह अग्रिम आवश्यक है।

(ग) किसी भी अभिदाता को, लिखित में दर्ज विशेष कारणों को छोड़कर खड (क) में निर्धारित सीमा से अधिक अग्रिम नहीं दिया जाएगा अथवा तब तक कोई अग्रिम नहीं दिया जाएगा जब तक इससे पूर्व लिए गए किसी अग्रिम की अंतिम किस्त की चुकौती न कर दी हो।

(घ) जब खंड (ग) के अंतर्गत कोई अग्रिम पहले लिए गए किरी अग्रिम की अंतिम किस्त की चुकौती पूरी होने से पूर्व मंजूर किया जाता है तो पहले लिए गए किसी अग्रिम की वसूल न की गई शेष राशि को इस प्रकार मंजूर किए गए अग्रिम में जोड़ दिया जाएगा और वसूली के लिए किस्तें समेकित राशि के अनुसार निर्धारित की जाएंगी।

(ड.) अग्रिम मंजूर करने के पश्चात ऐसे मामले में जहां अंतिम भुगतान के लिए आवेदन विनियम 23 (iii) के अंतर्गत लेखाधिकारी को भेजा गया हो तो राशि लेखाधिकारी से प्राधिकृत किए जाने पर ही आहरित की जाएगी।

टिप्पणी : खंड (क) की मद (ii) के अंतर्गत अभिदाता को प्रत्येक छह माह में एक बार अग्रिम लेने की अनुमति होगी।

14. अग्रिम की वसूली

(i) अभिदाता से अग्रिम की वसूली ऐसी समान मासिक किस्तों में की जाएगी जो मंजूरी प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए, परंतु ऐसी किस्तें तब तक बारह से कम नहीं होगी जब तक अभिदाता ऐसा विकल्प न दे और चौबीस से अधिक

नहीं होंगी। जिन विशेष मामलों में अग्रिम की राशि विनियम 13 (ग) के अंतर्गत अभिदाता के 3 माह के वेतन से अधिक हो तो मंजूरी प्राधिकारी किस्तों की संख्या चौबीस से अधिक निर्धारित कर सकता है, परंतु छत्तीस से अधिक किस्तें किसी भी हालत में निर्धारित नहीं कर सकता। अभिदाता अपने विकल्पानुसार किसी माह में एक से अधिक किस्तों की चुकौती कर सकता/सकती है।

(ii) वसूली, अभिदान की वसूली के लिए विनियम 11 में निर्धारित रीति से की जाएगी और वसूली जिस माह में अग्रिम लिया गया था ठीक उसके अगले माह के वेतन से आरंभ होगी। जब अभिदाता जीवन-निर्वाह अनुदान प्राप्त कर रहा/रही हो अथवा किसी केलेंडर माह में दस दिन अथवा उससे अधिक दिन के लिए छुट्टी पर हो, जिसके लिए उसे कोई छुट्टी वेतन नहीं मिलता अथवा अर्धवेतन या अर्धवेतन के समतुल्य या उससे कम अथवा औसत आधा वेतन मिलता है, जैसी भी स्थिति हो, तो अभिदाता की सहमति के बिना वसूली नहीं की जाएगी। अभिदाता के लिखित अनुरोध पर मंजूरी प्राधिकारी अभिदाता को स्वीकार किए गए वेतन के अग्रिम की वसूली के दौरान वसूली को स्थगित कर सकता है।

(iii) यदि किसी अभिदाता को कोई अग्रिम दिया जाता है और अभिदाता द्वारा उसे लिया जाता है और बाद में चुकौती पूरी होने से पूर्व अग्रिम अस्वीकार कर दिया जाता है तो अभिदाता को निकाली गई पूरी अथवा शेष राशि तत्काल निधि में वापिस करनी होगी, अथवा चूक की स्थिति में लेखाधिकारी द्वारा विशेष कारणों से अभिदाता की परिलब्धियों से एकमुश्त अथवा अधिकतम 24 किस्तों में, जैसा अग्रिम स्वीकार करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा निदेश दिया जाए, कटौती द्वारा वसूल करने का आदेश दिया जाएगा।

परंतु, इस प्रकार का अग्रिम अस्वीकार करने से पूर्व अभिदाता को सूचना प्राप्ति के 15 दिन के अन्दर मंजूरी प्राधिकारी को लिखित में स्पष्टीकरण देने का अवसर दिया जाएगा कि चुकौती क्यो न लागू की जाए और यदि अभिदाता उक्त 15 दिन की अवधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करता है तो उसे निर्णय के लिए अध्यक्ष को भेजा जाएगा और यदि अभिदाता उक्त अवधि के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करता है तो अग्रिम की चुकौती इस उप-विनियम में निर्धारित रीति के अनुसार लागू की जाएगी।

(iv) अभिदाता से की गई वसूलियाँ, वसूल करते ही निधि में अभिदाता के खाते में जमा कर दी जाएंगी।

निधि से राशि आहरण

(क) इसमें विनिर्दिष्ट शर्तों के अंतर्गत, अग्रिम स्वीकार करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा विनियम 13 (ग) के अंतर्गत विशेष कारणों से किसी भी समय राशि आहरण की मंजूरी दी जा सकती है :

(1) अभिदाता की 15 वर्ष की सेवा (खंडित सेवा अवधि सहित, यदि कोई हो) पूरी होने के पश्चात अथवा अधिवर्षिता होने पर उसकी सेवानिवृत्ति की तारीख से 10 वर्ष के अन्दर, इनमें जो भी पहले हो, निधि में उसके खाते मे जमा राशि में से निम्नलिखित प्रयोजनों में से किसी एक अथवा एक से अधिक के लिए राशि दी जा सकती है . -

(क) निम्नलिखित मामलों में अभिदाता अथवा अभिदाता की किसी संतान की उच्चतर शिक्षा की लागत और आवश्यक होने पर यात्रा खर्च वहन करने के लिए -

(i) भारत से बाहर हाई स्कूल स्तर से ऊपर शैक्षिक, तकनीकी, वृत्तिका अथवा व्यावसायिक पाठ्यक्रम शिक्षा के लिए; और

(ii) भारत मे हाई स्कूल स्तर से ऊपर किसी चिकित्सा, इंजीनियरी अथवा अन्य तकनीकी या विशिष्ट पाठ्यक्रम के लिए।

(ख) अभिदाता अथवा उसके पुत्रों या उसकी पुत्रियों और उस पर वास्तव में आश्रित किसी अन्य लड़की (रिश्तेदार) की सगाई/विवाह के संबध में खर्च वहन करने के लिए;

(ग) अभिदाता और उसके परिवार के सदस्य अथवा उस पर वास्तव मे आश्रित किसी व्यक्ति की बीमारी और आवश्यक होने पर यात्रा खर्च के सबंध मे खर्च वहन करने के लिए; और

(घ) टीवी, वीसीआर/वीसीपी, वाशिंग मशीन, खाने पकाने का सामान, गीज़र, कम्प्यूटर जैसी उपभोक्ता वस्तुओ की लागत का वहन करने के लिए।

(2) अभिदाता की सेवा के दौरान निधि में उसके खाते में जमा राशि से निम्नलिखित प्रयोजनों में से एक अथवा एक से अधिक के लिए, अर्थात् -

(क) अपने रहने के लिए उपयुक्त मकान का निर्माण करने अथवा अर्जित करने अथवा बने-बनाए फ्लैट अर्जित करने, जिसमें स्थान की लागत भी शामिल है, अथवा दिल्ली विकास प्राधिकरण राज्य आवास बोर्ड अथवा भवन निर्माण सोसायटी द्वारा प्लॉट अथवा फ्लैट के आबटन के संबंध में भुगतान करने;

(ख) अपने रहने के लिए उपयुक्त मकान का निर्माण करने अथवा अर्जित करने अथवा बने-बनाए फ्लैट के लिए स्पष्ट रूप से लिए गए ऋण की बकाया राशि की चुकौती करने;

(ग) अपने रहने के लिए मकान बनाने के प्रयोजनार्थ गृह स्थल खरीदने अथवा इस प्रयोजन से स्पष्ट रूप से लिए गए ऋण की बकाया राशि की चुकौती करने;

(घ) पहले से अभिदाता के स्वामित्व वाले अथवा उसके द्वारा अर्जित मकान अथवा फ्लैट का पुनर्निर्माण करने अथवा परिवर्धन या परिवर्तन करने;

(ङ.) पैतृक अथवा प्राधिकरण की सहायता अथवा उससे ऋण लेकर बनाए गए मकान का नवीनीकरण, परिवर्धन या परिवर्तन करने अथवा उसे ठीक-ठाक रखने; और

(च) खण्ड (क) (2) (ग) के अंतर्गत खरीदे गए स्थल पर मकान का निर्माण करना।

(3) अधिवर्षिता होने पर अभिदाता की सेवानिवृत्ति की तारीख से पूर्व 12 माह के अन्दर निधि में उसके खाते में जमा राशि से, किसी प्रयोजन से जोड़े बिना, राशि आहरण की मंजूरी दी जा सकती है; और

(4) स्व-वित्त और अंशदायी आधार पर कर्मचारियों के लिए समूह बीमा योजना में अभिदाता द्वारा भुगतान किए गए एक वर्ष के अभिदान के समतुल्य राशि एक वित्त वर्ष के दौरान एक बार स्वीकृत की जा सकती है।

टिप्पणी-1 : यदि किसी अभिदाता के पास अपने डयूटी स्थान से भिन्न किसी स्थान पर पैतृक मकान है अथवा उसने प्राधिकरण से लिए गए ऋण की सहायता से मकान बनाया है तो वह अपने डयूटी के स्थान पर मकान-स्थल खरीदने अथवा दूसरा मकान का निर्माण करने अथवा निर्मित फ्लैट् अर्जित करने के लिए खंड (क) (2) (क), (ग) और (च) के अंतर्गत अंतिम रूप से राशि निकालने की मंजूरी का पात्र होगा।

टिप्पणी-2 : खंड (क) (2) (क), (घ), (ङ.) अथवा (च) के अंतर्गत राशि का आहरण अभिदाता द्वारा बनाए जाने वाले मकान या मकान में किए जाने वाले परिवर्तनों का उस क्षेत्र की नगरपालिका निकाय द्वारा अनुमोदित नक्शा प्रस्तुत करने के पश्चात ही मंजूर किया जाएगा जहाँ स्थल अथवा मकान स्थित है और केवल उन्हीं मामलों मे मंजूर किया जाएगा जिनमें नक्शा वास्तव में अनुमोदित कराया गया हो।

टिप्पणी-3 : खंड (क) (2) (ख) के अंतर्गत स्वीकृत आहरण की राशि खंड (क) (2) (क) के अंतर्गत पिछले आहरण की राशि सहित, आवेदन की तारीख को, पिछले आहरण की राशि को घटाने के बाद शेष राशि के तीन-चौथाई से अधिक नहीं होगी।

टिप्पणी-4 : खंड (क) (2) के उप-खंड (क) अथवा (घ) के अंतर्गत राशि के आहरण की अनुमति उस स्थिति में भी दी जाएगी, जहाँ मकान-स्थल अथवा मकान पति अथवा पत्नी के नाम से है, बशर्ते वह अभिदाता द्वारा किए गए नामांकन में भविष्य निधि धन प्राप्त करने के लिए प्रथम नामिती हो।

टिप्पणी-5 : एक ही प्रयोजन के लिए केवल एक ही आहरण की अनुमति दी जाएगी। किन्तु अलग-अलग बच्चों के विवाह या शिक्षा अथवा विभिन्न अवसरों पर बीमारी अथवा उस क्षेत्र की स्थानीय नगरपालिका निकाय द्वारा, जहाँ स्थित है, विधिवत अनुमोदित नये नक्शे के अनुसार मकान अथवा फ्लैट में अतिरिक्त परिवर्धन अथवा परिवर्तन को एक ही प्रयोजन नहीं माना जाएगा। उसी मकान को पूरा करने के लिए खंड (क) (2) (क) अथवा (च) के अंतर्गत दूसरी बार और उसके बाद आहरण करने के संबंध में टिप्पणी-3 के अंतर्गत निर्धारित सीमा तक अनुमति दी जाएगी।

टिप्पणी-6 : यदि एक ही प्रयोजन से और एक ही समय पर विनियम 13 के अंतर्गत अग्रिम स्वीकार किया जाता है तो इस विनियम के अंतर्गत राशि आहरित करने की अनुमति नही दी जाएगी।

(ख) जब कोई अभिदाता बाद मे किए गए अभिदान के साक्ष्य सहित अपने भविष्य निधि बही पुस्तिका के संदर्भ में अपने भविष्य निधि खाते में जमा राशि के बारे में सक्षम प्राधिकारी को संतुष्ट करने की स्थिति में है तो मंजूरी प्राधिकारी स्वयं ही निर्धारित सीमाओं के भीतर आहरण की मंजूरी दे सकता है, जैसा कि प्रतिदेय अग्रिम के मामले में होता है। ऐसा करते समय मंजूरी प्राधिकारी ऐसी राशि के आहरण अथवा प्रतिदेय अग्रिम को, जो उसने अभिदाता के पक्ष मे पहले ही मंजूर किया है, ध्यान में रखेगा। परंतु, जहाँ अभिदाता आहरण की राशि की स्वीकार्यता निर्धारित करते समय अपनी जमा

राशि के बारे में मंजूरी प्राधिकारी को संतुष्ट करने की स्थिति में नहीं है तो मंजूरी प्राधिकारी स्वयं लेखाधिकारी के पास मामले को भेज कर इसे सुनिश्चित कर सकता है। आहरण की मंजूरी में भविष्य निधि लेखा संख्या का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए और मंजूरी की एक प्रति लेखाधिकारी को भेजी जानी चाहिए। यह सुनिश्चित करना मंजूरी प्राधिकारी का दायित्व होगा कि लेखा अधिकारी से इस संबंध में अभिस्वीकृति प्राप्त कर ली जाए कि आहरण की मंजूरी अभिदाता के खाता-लेखा में दर्ज कर दी गई है। यदि लेखाधिकारी यह सूचना देता है कि मंजूर की गई आहरण की राशि अभिदाता के खाते में जमा राशि से अधिक है अथवा किसी अन्य कारण से स्वीकार्य नहीं है तो अभिदाता द्वारा आहरित राशि की तुरंत एकमुश्त रूप में चुकौती की जाएगी और ऐसी चुकौती न किए जाने पर मंजूरी प्राधिकारी द्वारा यह आदेश दिया जाएगा कि अभिदाता की परिलब्धियों में से यह राशि एकमुश्त रूप में अथवा अध्यक्ष द्वारा निर्धारित की गई मासिक किस्तों में वसूल की जाए।

(ग) आहरण की मंजूरी के पश्चात राशि का आहरण, विनियम 23 (iii) (क) के अंतर्गत लेखाधिकारी को अंतिम भुगतान के लिए आवेदन भेजे जाने वाले मामलों में लेखाधिकारी से प्राधिकार प्राप्त होने पर ही किया जाएगा।

6. **आहरण की शर्तें**

(क) अभिदाता द्वारा विनियम 15 में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों में से एक अथवा एक से अधिक के लिए एक समय में निधि में जमा अपनी राशि में से आहरित राशि सामान्यतः ऐसी राशि के आधे अथवा छह माह के वेतन से, जो भी कम हो, अधिक नहीं होगी। मंजूरी प्राधिकारी, इस सीमा से अधिक राशि के आहरण की मंजूरी निम्नलिखित को ध्यान में रखते हुए निधि में जमा उसकी शेष राशि का तीन चौथाई तक दे सकता है -

(i) उद्देश्य, जिसके लिए राशि निकाली जा रही है;

(ii) अभिदाता की हैसियत; और,

(iii) विनियम 15 (क) (1) के अंतर्गत आहरण के मामले में निधि में उसके खाते में जमा राशि तथा विनियम 15 (क) (2) के अंतर्गत आहरण के मामलों मे जमा शेष राशि के 90% तक।

परंतु विनियम 15 (क) (3) के अंतर्गत स्वीकार्य आहरण निधि में अभिदाता के खाते में जमा राशि के 90% से अधिक नहीं होगा।

टिप्पणी-1 : विनियम 15 (क) (1) (क) के अंतर्गत अभिदाता को आहरित राशि अभिदाता की संबद्ध संतान का पाठ्यक्रम जारी रहने तक वार्षिक किस्तों मे देने की अनुमति होगी।

टिप्पणी-2 : ऐसे मामले में जहाँ अभिदाता को खरीदे गए स्थल अथवा मकान अथवा फ्लैट अथवा दिल्ली विकास प्राधिकरण अथवा किसी राज्य आवास बोर्ड अथवा किसी भवन निर्माण सहकारी संस्था के माध्यम से निर्मित मकान अथवा फ्लैट के लिए किस्तों में भुगतान करना है तो उसे तब ऐसे आहरण की अनुमति दी जाएगी, जब उसे ऐसी किसी किस्त का भुगतान करना होगा : ऐसा प्रत्येक भुगतान खंड (क) के प्रयोजन के पृथक प्रयोजन के लिए भुगतान माना जाएगा।

(ख) जिस अभिदाता को विनियम 15 के अंतर्गत निधि से राशि निकालने की अनुमति दी गई है, वह मंजूरी प्राधिकारी को, ऐसी उचित अवधि के अन्दर जो उस प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट की गई है, संतुष्ट करेगा कि राशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया गया है जिसके लिए यह आहरित की गई थी और यदि वह ऐसा नहीं करता है तो आहरित की गई सम्पूर्ण राशि अथवा उस राशि का उतना भाग जो उस प्रयोजन के लिए उपयोग मे नहीं लाया गया है, जिसके लिए वह राशि आहरित की गई थी, तो अभिदाता तुरंत निधि मे एकमुश्त रूप में भुगतान करेगा/करेगी और ऐसा न करने पर मंजूरी प्राधिकारी उरा राशि को उसकी परिलब्धियों में से एकमुश्त रूप में अथवा अध्यक्ष द्वारा निर्धारित मासिक किस्तों मे वसूल करने का आदेश देगा।

(ग) वह अभिदाता जिसे विनियम 15 (2) (क) (ख) और (ग) के अंतर्गत निधि में उसके खाते में जमा राशि से राशि आहरित करने की अनुमति दी गई है, इस प्रकार आहरित की गई राशि से बनाए गए अथवा अर्जित मकान का अथवा खरीदे गए मकान-स्थल का अध्यक्ष की पूर्वानुमति के बिना बिक्री, बंधक (अध्यक्ष के नाम में बंधक से भिन्न), उपहार, विनिमय अथवा अन्य किसी प्रकार से अपना कब्जा नहीं छोड़ेगा/छोड़ेगी।

परंतु निम्नलिखित के लिए इस प्रकार की अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी -

(क) मकान अथवा मकान-स्थल को ऐसी अवधि के लिए पट्टे पर देने के लिए जो तीन वर्ष से अधिक न हो; अथवा

II. कर्मचारी

(क) **छोटे कदाचार के लिए दण्ड**

(i) निन्दा करना;

(ii) उसके विरुद्ध प्रतिकूल टिप्पणी रिकार्ड करना;

(iii) 6 महीनों की अनधिक अवधि के लिए वेतन वृद्धि रोके रखना।

(ख) **बड़े कदाचार के लिए दण्ड**

(i) जुर्माना;

(ii) वेतनवृद्धि (वृद्धियों) को रोके रखना;

(iii) विशेष भत्तों को वापस ले लेना;

(iv) उस मामले में यदि स्टाफ वेतनमान अधिकतम तक पहुंच गया है तो 2 वर्षों की अधिकतम अवधि तक अगले निम्न स्तर तक वेतन में कमी;

(v) सेवा से बर्खास्तगी परन्तु यह भविष्य के रोजगार के लिए अयोग्यता नहीं होगी;

(vi) बर्खास्तगी।

परन्तु यह कि ऊपर विनिर्दिष्ट कोई बड़ा दण्ड लगाने का कोई आदेश सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर के साथ लिखित में दिया जाएगा और ऐसा कोई आदेश लिखित आरोप पत्र अधिकारी को दिए जाने के बिना पारित नहीं किया जाएगा और जांच ऐसे की जाएगी जिससे कि उसके पास आरोप अथवा आरोपों का खण्डन करने और अपना बचाव करने के लिए पर्याप्त अवसर रहे :

परन्तु यह भी कि कोई जांच कराने की आवश्यकता नहीं है, यदि

(i) ऐसे मामलों में यदि कदाचार सिद्ध भी हो जाता है, बैंक निष्कासन अथवा बर्खास्तगी का दण्ड लगाने का इरादा नहीं रखता है;

(ii) बैंक ने अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है जिसमें उसे कदाचार और ऐसे कदाचार के लिए मिलने वाले दण्ड के बारे में कहा गया है; और

(iii) अधिकारी ने उपर्युक्त कारण बताओ नोटिस के अपने उत्तर में अपने दोष को स्वेच्छा से स्वीकार कर लिया हो।

39. प्रक्रिया का अधित्याग

विनियम 38 की अपेक्षाओं को सक्षम प्राधिकारी द्वारा हटाया जा सकता है :

(क) यदि वे तथ्य जिनके आधार पर अधिकारी अथवा कर्मचारी पर दण्ड लगाया जाना है, वह न्यायालय अथवा सेवा न्यायालय में सिद्ध हो गए हैं ; अथवा

(ख) जहां अधिकारी अथवा कर्मचारी को आपराधिक आरोप में दोषी ठहराया गया है; अथवा

(ग) जहां अधिकारी अथवा कर्मचारी फरार हो गया है; अथवा

(घ) जहां किसी अन्य कारण से उससे सम्पर्क करना अव्यवहारिक था; अथवा

(ङ) जहां विनियम 38 के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना उचित रूप से व्यवहारिक नहीं था :

परन्तु यह कि विनियम 38 की अपेक्षा का अधित्याग नहीं किया जा सकता है जब तक कि ऐसा करने के कारणों को लिखित में और बोर्ड के समक्ष नहीं रखा जाता है।

40. जांच के लिए शक्ति का प्रत्योजन

विनियम 38 के अंतर्गत जांच और प्रक्रिया की शक्ति अंतिम आदेश को छोड़कर, सक्षम अधिकारी द्वारा किसी अधिकारी को, जो उस अधिकारी से वरिष्ठ है जिसके विरुद्ध प्रक्रियाएं प्रारम्भ की गई हैं और कर्मचारी के मामले में किसी अधिकारी को प्रत्यायोजित की जाती है :

परन्तु यह कि सक्षम अधिकारी, अपने विवेक से जांच आयोजित करने हेतु अन्य संस्थाओं से प्रतिनियुक्ति पर आए अधिकारियों सहित, बैंक में कार्यरत किसी अधिकारी को नामित कर सकते हैं।

41. सामान्य जांच

इन विनियमों में वर्णित किसी बात के होते हुए भी, यदि विभिन्न ग्रेड के दो अधिकारी अथवा एक अधिकारी और एक कर्मचारी किसी घटना में सम्मिलित रूप से अंतर्ग्रस्त हैं और दोनों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारम्भ की जानी है और अध्यक्ष की राय है कि तथ्यों और मामले

21. **अभिदाता की सेवानिवृत्ति**

जब कोई अभिदाता -

(i) सेवानिवृत्तिपूर्व छुट्टी पर जाता है; अथवा

(ii) छुट्टी पर रहते हुए सेवानिवृत्ति की अनुमति दे दी जाती है; अथवा

(iii) किसी सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा उसे आगे की सेवा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाता है, तो निधि में उसके खाते में जमा राशि उसे देय हो जाएगी;

परंतु यदि अभिदाता डयूटी पर वापस आ जाता/जाती है तो वह उस स्थिति को छोड़कर जब प्राधिकरण द्वारा कोई अन्य निर्णय लिया गया हो, अपने खाते में जमा करने के लिए निधि में उस अग्रिम को जिसके लिए विनियम 13 (ग) के अंतर्गत विशेष कारण अपेक्षित हैं मंजूर करने के लिए सक्षम, मंजूरी प्राधिकारी के निदेश पर इस विनियम के अनुसरण में निधि से किए जाने वाले भुगतान की राशि की एवं उस राशि पर विनियम 12 में निर्धारित दर पर ब्याज की राशि की नकद अथवा प्रतिभूतियों मे अथवा कुछ नकद रूप में तथा कुछ प्रतिभूतियों के रूप में, किस्त द्वारा, परिलब्धियों से वसूली द्वारा अथवा अन्य किसी रूप में चुकौती करेगा/करेगी।

22. **अभिदाता की मृत्यु होने पर प्रक्रिया**

अभिदाता के खाते में जमा राशि देय होने से पूर्व अथवा यदि राशि देय हो जाती है तो भुगतान किए जाने से पूर्व अभिदाता की मृत्यु हो जाने पर;

(क) जब अभिदाता परिवार छोड़ता है -

(i) यदि विनियम 6 के उपबंध के अनुसार अभिदाता द्वारा किया गया नामांकन उसके परिवार के किसी सदस्य अथवा सदस्यों के पक्ष में है तो निधि में उसके खाते में जमा राशि अथवा उसका कोई भाग, जिसके संबंध में नामांकन किया गया है, नामांकन में विनिर्दिष्ट अनुपात में अभिदाता के नामिती अथवा नामितियों को देय होगा; और

(ii) यदि अभिदाता के परिवार के किसी सदस्य अथवा सदस्यों के पक्ष में ऐसा कोई नामांकन नहीं किया गया है अथवा यदि ऐसा नामांकन निधि में उसके खाते में जमा राशि के केवल किसी एक भाग से संबंधित है तो पूरी राशि अथवा उसका वह भाग जिसके संबंध में नामांकन नहीं किया गया है, अभिदाता के परिवार किसी सदस्य अथवा सदस्यों से भिन्न किसी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के पक्ष में कोई नामांकन नही होते हुए भी उसके परिवार के सदस्यों के बीच समान हिस्सों में देय होगा;

परंतु निम्नलिखित को कोई हिस्सा देय नहीं होगा -

(क) पुत्रों को; जो वयस्क हो चुके हैं;

(ख) मृत पुत्र के पुत्रों को, जो वयस्क हो चुके हैं;

(ग) विवाहित पुत्रियों को, जिनके पति जीवित हैं; और

(घ) मृत पुत्र की विवाहित पुत्रियों को, जिनके पति जीवित हैं।

यदि परंतुक के खंड (क), (ख), (ग) और (घ) में विनिर्दिष्ट से भिन्न, परिवार का कोई सदस्य हो।

परंतु यह भी कि, मृत पुत्र की विधवा अथवा विधवाओं और संतान अथवा संतानों को आपस में बराबर भागों में केवल वह हिस्सा प्राप्त होगा जो उसके पुत्र को तब प्राप्त होता जब यदि यह अभिदाता की मृत्यु के समय जीवित होता तथा प्रथम परंतुक के खंड (क) के उपबंधो से छूट प्राप्त होती।

